BIADA

# बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार

प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना–800004

Website-www.biadabihar.in ,Email- biada-bih@gov.inPhone/Fax: 0612-2675352/2675296/2675002/2675889

## प्राधिकार के संचिकाओं, पंजियों एवं अन्य अभिलेखों के Scanning एवं Digitization हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा), बिहार सरकार में E-office प्रणाली लागू है। इस क्रम में प्राधिकार के सभी भौतिक संचिकाओं, पंजियों एवं अन्य अभिलेखों के scanning एवं digitization से संबन्धित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निबंधित एजेंसियाँ दिनांक:-11/02/2025 से 24/02/2025 को अप॰ 03:00 बजे तक निर्धारित शर्तों के अधीन मुहरबंद लिफाफा कार्यकारी निदेशक-समन्वय, बियाडा, उद्योग भवन, प्रथम तल, गांधी मैदान-पटना को संबोधित करते हुये विभागीय प्राप्ति शाखा में प्रत्येक कार्य दिवस (सोमवार से शनिवार) को अप॰ 05:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। डाक से प्रेषित निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।

- Pre-bid Meeting विभागीय तृतीय तल स्थित सभागार में दिनांक:- 17/02/2025 को आयोजित की जाएगी।
- निविदा विभागीय निविदा मूल्यांकन समिति के समक्ष दिनांक:- 24/02/2025 को अप॰ 03:30 बजे खोली जाएगी। निविदा निविदादाता के स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। तकनीकी निविदा पहले खोली जाएगी तथा इसमें सफल निविदाकारों के ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जाएगा।
- अग्रधन (Earnest Money) की राशि 10,000/-(दस हजार) रु॰ मात्र का डिमांड ड्राफ्ट जो BIADA, Patna के पक्ष में देय हो, निविदा के साथ जमा करना होगा। अस्वीकृत निविदा की अग्रधन राशि वापस कर दी जाएगी।

**न्यूनतम अर्हता:-**

- सरकारी विभाग/कार्यालयों में डाटा scanning एवं digitization का कार्यानुभव।
- फर्म का जी॰एस॰टी॰ निबंधन प्रमाण पत्र।
- पैन संख्या।
- कंपनी/स्वामित्व/ पार्टनरशिप का निबंधन प्रमाण पत्र।
- विगत तीन वर्ष के आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
- संबन्धित कार्य से न्यूनतम वार्षिक टर्नओवर की राशि 25,00,000/-(पचीस लाख रु.) होनी चाहिए।
- प्राधिकार में लगभग 100000(दस लाख) pages (A4,A3 एवं Legal Size) के scanning एवं digitization के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना-यथा कार्यबल high speed scanner (उचित document feeder के साथ) की संख्या, सर्वर आदि फर्म के पास उपलब्ध होना चाहिए। उक्त हेतु निविदा एजेंसी को विहित प्रपत्र में शपथ-पत्र संलग्न करना होगा।

**चयन का आधार:-**

- वित्तीय निविदा में सबसे कम कीमत उद्धृत करने वाली agency का चयन किया जाएगा।

**सामान्य अनुदेश:-**

- निविदा अभिलेख फर्म के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए।
- तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा को अलग-अलग लिफाफों में, तकनीकी एवं वित्तीय निविदा लिखकर सीलबंद कर उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफा में डालकर मुहरबंद करते हुये लिफाफा के शीर्ष पर **"बिहार औधोगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) पटना के मुख्यालय हेतु scanning एवं digitization की निविदा"** लिखकर जमा करना होगा। अर्हताओं से संबन्धित कागजातों की स्वाभिप्रमाणित छायाप्रती संलग्न की जाय तथा मूल प्रति मांगे जाने पर उपलब्ध करना अनिवार्य होगा।
- वित्तीय निविदा हेतु प्रपत्र निम्नवत है:-

| Sl. No | Description | Rate in INR (Figure & Words) Including GST |
|---|---|---|
| 1 | Letter/Document Scanning (per side of sheet) | |
| 2 | Uploading cost per Electronic file | |
| Total | | |

**कार्य की प्रकृति:-**

- बिहार औधोगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) पटना के प्रशाखाओं/कोषांगों से प्राप्त आवेदनों/पत्रों/संचिकाओं/अभिलेखों को प्राप्त करना।
- संचिकाओं/पंजियों/अभिलेखों के सभी पृष्ठों को Optical Character Recognition तकनीक का प्रयोग करते हुये PDF Format में स्कैन (B&W-150-200 dpi, Color-अधिकतम 300 dpi) करना।
- Scanning के उपरांत बनाई गई फाईल NIC के e-office portal से Compatible होना चाहिए।
- PDF file को e-office portal में upload करना तथा आवश्यक डाटा की प्रविष्टि e-Office portal (NIC) के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।
- संबन्धित शाखा/कोषांग से प्राप्त पत्रों/आवेदनों/संचिकाओं/अभिलेखों को वापस लौटाना अथवा निर्धारित कॉम्पैक्टर स्थल पर कार्यालय में इन्हे रखवाना।

- संबन्धित एजेंसी के विपत्र का भुगतान कार्य की समाप्ति के उपरांत कार्य की गुणवत्ता से संतुष्टि के पश्चात किया जाएगा।
- फर्म के विपत्र से नियमानुसार TDS की कटौती स्रोत पर कर ली जाएगी।

**<u>अन्य शर्तें :-</u>**

- अभिलेखों के क्षतिग्रस्त होने पर प्रतिपूर्ति की जबाबदेही फर्म की होगी।
- सेवा में त्रुटि होने पर जमानत राशि जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।
- सफल निविददाता को प्राधिकार के साथ एकरारनामा करना होगा।
- Scanning एवं E-office Portal में अपलोडिंग का कार्य 2 माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। विशेष परिस्थिति में आवश्यकतानुसार प्राधिकार से अनुमति के पश्चात यह अवधि बढ़ाई जा सकेगी।
- निविदा को बिना सूचना एवं कारण बताए रद्द करने का अधिकार प्राधिकार को सुरक्षित रहेगा। विस्तृत जानकारी एवं शर्तो के लिए बिहार औधोगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा), पटना के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

10/2/25

कार्यकारी निदेशक-समन्वय

बियाडा,पटना।